दिल्ली, उत्तर प्रदेश, हिमाचल प्रदेश में प्रसारित हरियाणा का हिन्दी दैनिक

# सत्यजय टाईम्स

वर्ष-10, अंक 338 शनिवार 11 दिसम्बर, 2021, पृष्ठ 8, मूल्य 2 रुपये (फरीदाबाद से प्रकाशित) प्रातःकालीन संस्करण हिन्दी दैनिक

RNI NO HARHIN/2012/43543 Ph. 0129- 4042533, Email: sjtfaridabad@gmail.com @SatyajayT satyajaytimes

# देवेंद्र गुप्ता ने समझाया रक्तदान का महत्व



बल्लभगढ़, 10 दिसंबर, सत्यजय टाईम्स/गोपाल अरोड़ा। अग्रवाल महाविद्यालय बल्लभगढ़ के एन. एस. एस., एन. सी. सी., आर. आर. सी. और वाई. आर. सी. द्वारा शुक्रवार को रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद प्रोफेशनल्स और फाउंडेशन अगेंस्ट थैलेसीमिया (रजि.) के सहयोग से एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का शुभारंभ सरस्वती वंदना के साथ किया गया ।

समारोह की शुरूआत प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के स्वागत भाषण से हुई, जिन्होंने कहा कि रक्तदान शिविर शुरू से ही महाविद्यालय की एक नियमित विशेषता रही है। उन्होंने कॉलेज की उपलब्धियों और उल्लेखनीय गतिविधियों का विस्तृत विवरण दिया।

उन्होंने इस शिविर के आयोजन में अथक प्रयास करने वाले वाई. आर. सी., आर. आर. सी., एन. सी. सी. और एन. एस. एस. के सभी आयोजकों और प्रभारियों को शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि नगरनिगम आयुक्त यशपाल यादव ने कहा कि हमें फरीदाबाद को एक स्वच्छ और हरा-भरा शहर बनाने का प्रयास करना चाहिए। उन्होंने सभी को स्वच्छता के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए भी प्रेरित किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा, बल्लभगढ़ केअध्यक्ष देवेंद्र कुमार गुप्ता ने छोटी कहानियों के माध्यम से रक्तदान के नेक काम के बारे में बताया और कहा कि यह गोदान, कन्यादान और वस्त्रदान से सबसे बड़ा रक्तदान है। उन्होंने इस शिविर में योगदान के लिए सभी सम्मानित गणमान्य व्यक्तियों का आभार भी व्यक्त किया। डॉ. एस. एस. बंसल (सी. एम. ओ., एस. एस. बी. हार्ट एंड मल्टी-स्पेशलिटी हॉस्पिटल, फरीदाबाद) विशिष्ट अतिथि थे जिन्होंने स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमें रक्तदान बार-बार करना चाहिए क्योंकि यह शरीर के लिए बेहद जरूरी है।

रोटरी क्लब ऑफ फरीदाबाद प्रोफेशनल्स के अध्यक्ष संजय कुमार गुप्ता ने रोटरी क्लब की कार्यप्रणाली के बारे में बताया। उन्होंने नेत्रदान की भूमिका पर विचार प्रकट किए । इस अवसर पर कॉलेज की टीम वाली ने "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" विषय पर नाटक की शानदार प्रस्तुति दी।

कार्यक्रम में चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल विपिन रावत के आकस्मिक निधन पर शोक व्यक्त किया और उनको श्रद्धांजलि दी। इस अवसर पर महाविद्यालय में स्थापित जय भगवान शर्मा के शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित किए। इस कार्यक्रम में सामाजिक उद्देश्य के लिए छात्रों को प्रोत्साहित करने के लिए इस्कॉन मंदिर के सदस्य भी मौजूद थे।